दिनांक 26.08.2022 को डॉ० दीनानाथ झा, सिविल सर्जन महोदय, कटिहार की अध्यक्षता में आयोजि
जिला गुणवत्ता यकीन समिति, कटिहार की बैठक की कार्यवाही।

दिनांक 26.08.2022 को अपराह्न 03:00 बजे सिविल सर्जन महोदय की अध्यक्षता में गुणवत्ता यकीन र की बैठक की गई।

बैठक में सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, कटिहार द्वारा जिला गुणवत्ता यकीन र एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित उक्त बैठक में कार्यक्रमों पर समीक्षा की गई, जो निम्नवत् है:-

- **कायाकल्प/लक्ष्य कार्यक्रम:-** जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन सह जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य समिति, कटिहार के द्वारा बताया लक्ष्य प्रमाणिकरण हेतु प्रथम चरण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडखोर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कदवा, द्वितीय चरण में अनुमण्डलीय अस्पताल, बारसोई तथा सामुदायिक स्वास्थ्य आजमनगर का सुदृढकरण किया जाना है। इस हेतु District Coaching Monitoring Team समय-समय पर दक्षता प्रशिक्षण प्रदान करेगें। सभी संस्थानों का इस वर्ष कायाकल्प होना है।

अनुपालन- **District Coaching Monitoring Team के सदस्य एव केयर इंडिया, कटिहार के प्रतिनिधी/ सामुद स्वास्थ्य केन्द्र, आजमनगर, डंडखोरा एवं कदवा के चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/ /प्रसव क संबंधित स्टाफ-नर्स/ए०एन०एम०।**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राणपुर अन्तर्गत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधव प्रसवकक्ष में कार्यरत स्टाफनर्स/ए०एन०एम० को राज्य स्तर से लक्ष्य कार्यक्रम अन्तर्गत विजेता सामुदायिक स्वास्थ्य फलका में दिनांक 02.09.2022 को एक्सपोजर विजिट हेतु निर्धारित किया गया है। जिसमें उनके द्वारा डॉक्यूमेन रख-रखाव इत्यादि लक्ष्य प्रमाणिकरण से संबंधित अवलोकन करेगें।

**(अनुपालन- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक फलका एवं प्राणपुर**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समेली को लक्ष्य कार्यक्रम हेतु I Concept कार्य पूर्ण नही हुआ है। इसलिए संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में Infrastruter कार्य के साथ-साथ केयर इंडिर टीम द्वारा संबंधित कर्मी/पदाधिकारियों को दक्षता वर्धन किया जाना है।

अनुपालन- District Coaching Monitoring Team **के सदस्य एव केयर इंडिया, कटिहार के प्रतिनिधी/ सामुद स्वास्थ्य केन्द्र, समेंल एवं रेफरल अस्पताल, बरारी के चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/प्रसव कक्ष संबंधित स्टाफ-नर्स/ए०एन०एम०।**

14/9/22

- कायाकल्प कार्यक्रम अन्तर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्र यथा- अनुमण्डलीय अस्पताल, रेफरल अस्प प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/एच०डब्ल्यू०सी० का Assessment कार्य किया जाना जिससे संबंधित प्रतिवेदन प्रत्येक त्रैमासिक का जिला का भेजा जाना है। द्वितीय त्रैमास (जुलाई 22 से सितम्बर 2022 संबंधित प्रतिवेदन दिनांक 30.09.2022 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध करायेगें।

**अनुपालन- केयर इंडिया, कटिहार के प्रतिनिधी/ सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकि पदाधिकारी/सभी अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक।**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फलका से श्रीमति रूपा कुमारी, श्रीमति खुशबु कुमारी एवं श्री मधुमाला कुमारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा से श्रीमति पिंकी कुमारी एवं श्रीमति अमृता कुमारी को Dis Coaching Monitoring Team में शामिल किया गया है। ताकि समय-समय पर लक्ष्य हेतु चयनित स्वास्थ्य केन्द्र में इ द्वारा दक्षता वर्धन किया जा सकें। इनके आने-जाने का व्यय District Coaching Monitoring Team द्वारा वि नियमावली के अनुसार किया जायेगा।

**(अनुपालन- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक फलका एवं कोढ़ा/सभी संब ए०एन०एम०/स्टाफनर्स।**

- NQAS कार्यक्रम अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फलका में कार्यरत लैब टेक्निशियन जि प्रतिनियुक्ति सदर अस्पताल अस्पताल, कटिहार में कि गई है। जिनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हेतु इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फलका में कार्य करने हेतु निदेशित किया जाए। ताकि NQAS प्रमाणिकरण कार्य पूर्ण सकें। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर NQAS कराने की जिम्मेवारी Japigo को सौपी गई है। चिन्हित हेल्थ एण्ड वेल सेन्टर का दो माह के अन्दर सूचित करें।

**(अनुपालन- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक फलका/उपाधीक्षक, सदर अस्प कटिहार/सी०एच०ओ०/जपाईगों प्रतिनिधी एवं पीरामल के प्रतिनिधी।**

- परिवार नियोजन- दिनांक 11 जुलाई से 31 जुलाई 22 तक आयोजित परिवान नियोजन पख अन्तर्गत जिले की उपलब्धि काफी कम रहा है। जिसपर सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य सर्ग कटिहार के द्वारा आपत्ति जताई गई। जिसपर उनके द्वारा निदेशित किया गया कि अगामी परिवार नियोजन पखवाड़ा दिये गये लक्ष्य एवं पूर्व में दिये गये लक्ष्य में जितनी उपलब्धि पिछले पखवाड़ा में प्राप्त किये है उतनी संख्या को

अगामी परिवार नियोजन पखवाड़ा हेतु मॉनिट्रींग टीम का गठन किया जाए, जिनके द्वारा पखवाडा के दौरान प्रखण्ड भ्रम किया जायेगा एवं परिवार नियोजन ऑपरेशन की गुणवत्ता पूर्ण हो सके।

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/सभी प्रखण्ड सामुदारि उत्प्रेरक**

- दिनांक 05 सितम्बर 2022 से 11 सितम्बर 2022 तक आयोजित होने वाले दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा के सभी प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक सभी आशा, आशा फैसलिटेटर को प्रखण्ड अन्त दिये गये लक्ष्य का विभाजन कर सभी को देगें। यदि इस पखवाड़े में दिये गये लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि नही की ज है तो संबंधित क्षेत्र आशा एवं आशा फैसलिटेटर पर यथोचित कार्रवाई की जायेगी तथा 12 सितम्बर से 24 सितम्बर 20 से परिवार नियोजन से पखवाड़ा संपादित जाना है। इस दौरान आशा एवं आशा फैसलिटेटर जितनी आशा लाईनलिस्ट तैयार करेगी उनका परिवार नियोजन ऑपरेशन कराया जाए।

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदा0/प्रखण्ड स्वा0 प्रबंधक/सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक**

- एक्रीडेटेड संस्था– परिवार नियोजन हेतु एक्रीडेटेड संस्था एफआरएचएस एवं डब्ल्यूएचपी, कटिहार द्वारा परिवान नियोजन संबंधित बान्ध्याकरण ऑपरेशन किया जाता है। सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वा समिति, कटिहार द्वारा पीपीपी मोड में कार्य कर रहे दोनों संस्था स्वंय लाभार्थियों को उत्प्रेरित करे और परिवान नियो अन्तर्गत दी जाने वाली सेवाएँ देगें साथ ही कितने लाभार्थियों को उनके द्वारा प्रेरित किया गया है से संबंधित प्रतिवे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को देगें।

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/संबंधित एक्रीडेटेड संस्था।**

- पॉलूसन कन्ट्रौल बोर्ड अन्तर्गत संबंधित पोर्टल पर सभी स्वास्थ्य का रजिस्ट्रेशन किया जाना है संबंधित निर्देश राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। जिसहेतु आवश्यक है कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का उक्त पोर्टल रजिस्ट्रेशन किया जाए। जिस हेतु राज्य स्तर से शुल्क 2000.00 (दो हजार रू0) निर्धारित किया गया है। जिसका भुग संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र के रोगी कल्याण समिति से किया जाना है।

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/सभी डेवलपमेन्ट पार्टनर।**

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अन्तर्गत आने वाली गर्भवती माताओं को पूर्ण जॉच हो ताकि रिस्क गर्भवती माताओं का पहचान हो सके तथा उनका निरंतर फोलोअप हो सके साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य वं जिनके द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह के 09वीं एवं 21वीं तारीख को की जाती उक्त की इन्ट्री संबंधित पोर्टल पर करेगें। ताकि जिले की उपलब्धि संबंधित पोर्टल पर दिख सके।

**(अनुपालन– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक/संबंधित टेकनिशियन/सभी संबंधित ए0एन0एम0**

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक
जिला स्वा0 समिति,कटिहार।

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, कटिहार।

ज्ञापांक– 1805 /डी0एच0एस0, कटिहार, दिनांक– 10/09/2022

प्रतिलिपिः– सभी डेवलपमेन्ट पार्टनर/सभी एक्रीडेटेड संस्था को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– सभी उपाधीक्षक/सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/सभी अस्पताल प्रबंधक/सभी प्रखण्ड स्व प्रबंधक/सभी प्रखण्ड सामुदायिक उत्प्रेरक को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला योजना समन्वयक/जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, जिला स्वास्थ्य स कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता यकीन, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, कटिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक
जिला स्वा0 समिति,कटिहार।

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव
जिला स्वास्थ्य समिति, कटिहार।